
# अर्थ एवं संख्या प्रभाग–एक परिचय

## 1.0 पृष्ठभूमि

उत्तर प्रदेश में नियोजन प्रक्रिया की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु गठित राज्य नियोजन संस्थान के अन्तर्गत 09 प्रभाग कार्यरत हैं, जिनमें से एक प्रभाग अर्थ एवं संख्या प्रभाग है। संस्थान का अर्थ एवं संख्या प्रभाग ही एक मात्र ऐसा प्रभाग हैं, जिसके कार्यालय राज्य मुख्यालय के अतिरिक्त सभी मण्डलों एवं जनपदों में भी स्थित हैं। मण्डल स्तर पर श्रेणी–1 के उप निदेशक तथा सभी जनपदों में श्रेणी–2 के अर्थ एवं संख्याधिकारी के अधीन क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित हैं। विकास खण्ड स्तर पर भी इस प्रभाग का एक कार्मिक–सहायक विकास अधिकारी (सांख्यिकीय) वर्तमान में सहायक सांख्यिकीय अधिकारी तैनात रहता है, जो खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में पद–स्थित होता है।





उत्तर प्रदेश में आँकड़ों को व्यवस्थित रूप से एकत्रित व संकलित करने एवं शासन को उपलब्ध कराने के दायित्व की पूर्ति हेतु इस प्रभाग की स्थापना वर्ष 1931 में Bureau of Statistics and Economic Research नाम से की गई थी। वर्ष 1938 में इस Bureau को पुनर्गठित कर पहले उद्योग निदेशालय, तत्पश्चात् मूल्य नियंत्रण विभाग में संविलीन किया गया। वर्ष 1942 में मूल्य नियंत्रण विभाग को समाप्त कर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तथा अर्थ एवं संख्या विभाग बनाए गए। अर्थ एवं संख्या विभाग को आर्थिक सलाहकार के अधीन रखा गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरान्त वर्ष 1947 में राज्य सचिवालय के अन्तर्गत आर्थिक सलाहकार एवं निदेशक का पद सृजित करके अर्थ एवं संख्या विभाग को स्वतंत्र स्वरूप प्रदान किया गया। प्रयागराज विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो0 एस0 के0 रूद्रा (1942–1947) को प्रथम आर्थिक सलाहकार एवं निदेशक नियुक्त किया गया। वर्ष 1961 में इस विभाग को अर्थ एवं संख्या निदेशालय के रूप में परिवर्तित किया गया। वर्ष 1971 में नियोजन विभाग के अन्तर्गत राज्य नियोजन संस्थान की स्थापना के साथ ही विभाग को अर्थ एवं संख्या प्रभाग नाम दिया गया।

वर्ष 1951 तक अर्थ एवं संख्या निदेशालय का दायित्व राज्य मुख्यालय तक ही सीमित रहा। वर्ष 1952 में प्रत्येक जनपद में Economic Intelligence Inspector के पद का सृजन किया गया। तत्पश्चात् विभागीय कार्य सम्पादन एवं विभिन्न ग्राम्य विकास योजनाओं की प्रगति के विवरण के संकलन,

भौतिक सत्यापन एवं अनुश्रवण हेतु वर्ष 1958 में प्रत्येक जनपद में जिला सांख्यिकीय अधिकारी के पद सृजित करते हुए उनके कार्यालयों की स्थापना की गई। विकास कार्यों से सम्बन्धित आँकड़ों के रखरखाव तथा प्रगति के अनुश्रवण, सत्यापन एवं मूल्यांकन कार्य के सम्पादन हेतु विकास खण्ड स्तर पर एक–एक प्रगति सहायक वर्तमान पदनाम सहायक सांख्यिकीय अधिकारी के पद का सृजन वर्ष 1959 में किया गया। विकेन्द्रित नियोजन प्रक्रिया के अन्तर्गत जिला स्तर पर योजनाएं तैयार करने हेतु वर्ष 1973 में प्रत्येक जिला सांख्यिकीय कार्यालय में अर्थ अधिकारी के पद एवं अन्य अधीनस्थ पद सृजित किए गए। वर्ष 1988 में जनपद स्तरीय कार्यालय में पदस्थित श्रेणी–2 के पदों को अर्थ एवं संख्याधिकारी के पुनः पदाभिहीत संवर्ग में सम्मिलित और संविलीन किया गया। मण्डल स्तर पर सांख्यिकीय कार्यों के सम्पादन, विकास कार्यों के नियोजन एवं अनुश्रवण में मण्डलायुक्त के सहायतार्थ तथा प्रभागीय जनपद कार्यालय के पर्यवेक्षण हेतु वर्ष 1979 में उप निदेशक कार्यालय की स्थापना की गयी।

# प्रभाग मुख्यालय का संगठनात्मक ढाँचा




नोट-पदनाम के समक्ष दिनांक 31.03.2024 तक स्वीकृत/भरे पदों की संख्या प्रदर्शित की गई है।

# मण्डल/जनपद का संगठनात्मक ढांचा

उप निदेशक-17/111

अर्थ एवं संख्याधिकारी-156/144

अपर सांख्यिकीय अधिकारी-595/470

सहायक सांख्यिकीय अधिकारी-174/104

सहायक सांख्यिकीय अधिकारी (वि0ख0 स्तर)-817/126

मुख्य कलाकार-11/0

वरिष्ठ कलाकार-28/21

कलाकार-46/21

आशुलिपिक-17/6

वरिष्ठ सहायक-158/139

कनिष्ठ सहायक-174/63

उर्दू अनुवाद ,सह प्रधान सहायक-7/5

चालक-80/31

चपरासी-236/106

डाटा इन्ट्री आपरेटर-4/0

# अन्य विभाग

उप निदेशक (अन्य विभाग) 3/1

अर्थ एवं संख्याधिकारी(अन्य विभाग) -5/5

अपर सांख्यिकीय अधिकारी(अन्य विभाग)-9/9

नोट-पदनाम के समक्ष दिनांक 31.03.2024 तक स्वीकृत/भरे पदों की संख्या प्रदर्शित की गई है।

# अर्थ एवं संख्या प्रभाग, उ.प्र. के प्रभाग मुख्यालय पर कार्यरत अधिकारियों के फोन／मोबाइल नम्बर (05.02.2025)

| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पद नाम | मोबाइल | दूरभाष |
|---|---|---|---|---|
| | सर्वश्री／सुश्री／श्रीमती :– | | | |
| 1 | सेल्वा कुमारी जे | महानिदेशक | 8004912700 | 2238878 |
| 2 | मालोविका घोषाल | निदेशक | 9415785894 | 2238969 |
| 3 | अलका बहुगुणा ढौंडियाल | अपर निदेशक | 9451555767 | |
| 4 | डा0 शुऐब अहमद | संयुक्त निदेशक | 9793633545 | |
| 5 | संजय कुमार श्रीवास्तव | संयुक्त निदेशक | 9453014950 | |
| 6 | राजेश कुमार धूसिया | संयुक्त निदेशक(कं0) | 9415085179 | 2239324 |
| 7 | नवीन चतुर्वेदी | उप निदेशक | 9415990222 | |
| 8 | राजेश्वर कुमार मिश्र | उप निदेशक | 9415356100 | 2239800 |
| 9 | रश्मि | उप निदेशक | 9411052675 | |
| 10 | मंजू अशोक | उप निदेशक | 8005419054 | |
| 11 | शालू गोयल | उप निदेशक | 9456381870 | |
| 12 | राज बहादुर सिंह | उप निदेशक | 7905252895 | |
| 13 | पंकज विमल | उप निदेशक(कं0) | 9450638618 | 2239324 |
| 14 | डा0 राजेश कुमार चौहान | अर्थ एवं संख्याधिकारी | 9415517318 | |
| 15 | डा0 प्रियंका सिंह भदौरिया | अर्थ एवं संख्याधिकारी | 7835967680 | |
| 16 | दुर्गेश नन्दनी सिंह | अर्थ एवं संख्याधिकारी | 9958714632 | |
| 17 | लल्लन वर्मा | अर्थ एवं संख्याधिकारी | 9450367537 | |
| 18 | संजीव कुमार | अर्थ एवं संख्याधिकारी | 9415882861 | |
| 19 | प्रमोद कुमार | अर्थ एवं संख्याधिकारी | 8505877974 | |
| 20 | धीरेन्द्र यादव | अर्थ एवं संख्याधिकारी | 9450358083 | |
| 21 | रेखा शुक्ला | अर्थ एवं संख्याधिकारी | 9454077296 | |
| 22 | यशी पाल | अर्थ एवं संख्याधिकारी | 6393065819 | |
| 23 | राहुल गौर | अर्थ एवं संख्याधिकारी | 9415585052 | |